हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जनवरी 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


## हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

जन्मदिन उत्सव

अब हर माह आप बनेंगे
भाग्यशाली
विजेता

## महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार


1 तोला, 5 नग
सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार

2 नग
रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार

3 नग
LED TV

सांत्वना पुरस्कार

1100

नियम व शर्तें लागू*

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप



### डॉ. नेरल को बृहन्महाराष्ट्र का जीवन गौरव सम्मान

**रायपुर।** बृहन्महाराष्ट्र मंडल मध्यवर्ती संघटना नई दिल्ली के वार्षिक अधिवेशन में डॉ. अरविंद नेरल को जीवन गौरव सम्मान से नवाजा गया। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागार में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. नेरल को उनके अथक परिश्रम और निस्वार्थ सेवाभावना व गुणों से परिपूर्ण चिकित्सा एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के चलते इस सम्मान के लिए चयनित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के अलावा विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, बृहन्महाराष्ट्र मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलिंद महाजन, रायपुर मंडल के अजय काले सहित विभिन्न महाराष्ट्र मंडलों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### दुर्घटनास्थल पहुंचे, प्रबंधन और घायल मजदूरों से की मुलाकात



**रायपुर।** वीआईपी रोड पर निर्माणाधीन 8 मंजिला इमारत का छज्जा गिरने से बड़ा हादसा हुआ। जहां सीटू के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर मौका-मुआयना किया तथा वहां मौजूद प्रबंधन के लोगों से भी चर्चा की। सीटू ने इस बात पर गहरी नाराजगी जाहिर की कि प्रतिनिधिमंडल को मौके पर जाने से रोका जा रहा था, इसके लिए पुलिस और प्रशासन की रोक की बात कही गई। इस पर सीटू नेता धर्मराज महापात्र ने पुलिस अधीक्षक लाल उमेंद सिंह से बात की और उनके हस्तक्षेप के बाद घटनास्थल का मुआयना संभव हुआ। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल पहुंचकर घायल मजदूरों से भी चर्चा की। इस अवसर पर सीटू नेता एमके नंदी, धर्मराज महापात्र, मारुति डोंगरे, राजेश अवस्थी, केके साहू मौजूद रहे। अस्पताल में विश्वजीत चेलक, कुलेश्वर ध्रुव, रितेश कुमार, तेजराम साहू तथा कोमल निर्मलकर का इलाज जारी है।

### छत्तीसगढ़ी ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज की बैठक



**रायपुर।** महामाया मंदिर में सोमवार को छत्तीगसढ़ ब्रह्मभट्ट ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक हुई। यह बैठक नवीन कार्यकारिणी गठित करने के लिए गई, जिसमें जिले की टीम गठित कर 19 जनवरी को होने वाली प्रांतीय बैठक में सूची लेकर जाने पर चर्चा हुई। कोरम के अभाव में ये तय हुआ कि जिले से पुराने पदाधिकारियों की सूची उस दिन प्रांतीय बैठक में लेकर भिलाई जाएंगे और प्रांतीय अध्यक्ष राकेश भट्ट प्रांतीय कार्यकारिणी गठित करने के साथ ही नए जिला अध्यक्ष की नियुक्ति करेंगे। इसके बाद समस्त पदाधिकारियों से भिलाई पहुंचने का आग्रह किया गया है। बैठक में जिलाध्यक्ष राजकिशोर भट्ट, कोषाध्यक्ष श्याम शर्मा, महासचिव राजेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आंदोलन का अनोखा तरीका, जमीन पर दंडवत होकर मांगा नौकरी का दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीते एक सप्ताह से अपनी सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग कर रहे बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों का प्रदर्शन सोमवार को उग्र हो गया। पुरूष शिक्षकों ने वस्त्र उतारकर प्रदर्शन किया। इसके पूर्व आदिवासी महिला शिक्षकों ने नेशनल हाईवे पर दंडवत प्रणाम करते हुए सरकार से सेवा सुरक्षा की गुहार लगाई थी। निष्कासित शिक्षकों ने सोमवार को छत्तीसगढ़ के मंत्रियों के निवास पर जाकर उन्होंने नववर्ष में प्रथम छत्तीसगढ़ी पर्व छेरछेरा के अवसर पर समायोजन का दान देने की गुहार लगाई। दूसरी ओर बस्तर और सरगुजा संभाग के जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा डीएलएड उम्मीदवारों की चयन सूची तैयार की जा चुकी है। बीएड शिक्षकों को बर्खास्तगी संबंधित आदेश से अवगत कराए जाने और उनकी दावा-आपत्ति मंगाए जाने के बाद डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दे दी जाएगी। बीते 14 माह से सेवा दे रहे शिक्षकों के समक्ष अब रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है।

## टर्मिनेट हुए बीएड डिग्रीधारी शिक्षक, कमेटी अब तक नहीं कर सकी फैसला



### छेरछेरा बर आये हन, समायोजन मांगथन

प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों ने कहा, छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व को दान और उदारता का प्रतीक माना जाता है। इस दिन किसी के घर से दान देने से मनाही नहीं की जाती। इसी परंपरा को ध्यान में रखते हुए बीएड धारी सहायक शिक्षकों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी, लखन लाल देवांगन टंकराम वर्मा और अन्य मंत्रियों के घर जाकर छेरछेरा मांगा। इस दौरान वे 'छेरछेरा बर आये हन, समायोजन मांगथन' को दोहराते रहे। गौरतलब है कि बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक लगातार अपनी मांगों के समर्थन में भिन्न-भिन्न तरीकों से प्रदर्शन कर रहे हैं। शिक्षकों ने सामूहिक जल सत्याग्रह, मुंडन, यज्ञ और हवन जैसे अनोखे तरीकों से सरकार का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया है। इसके बाद भी अब तक उन्हें कोई ठोस आश्वासन नहीं मिल सका है।

### बातचीत बेनतीजा

शासन द्वारा बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और समायोजन संबंधित मुद्दों को लेकर कमेटी गठित की जा चुकी है। इस कमेटी ने कई बार आंदोलनरत शिक्षकों से चर्चा भी की है। उनसे सुझाव भी मांगे गए थे, लेकिन इन सभी बातों का अब तक कोई नतीजा नहीं निकल सका है। कमेटी ने अब तक इस दिशा में क्या कार्य किए हैं, इसे भी सार्वजनिक नहीं किया जा सका है।

## निकाय चुनाव को लेकर जिलों की बैठक में चुनाव की बनी रणनीति

# निकाय चुनाव में कांग्रेस युवाओं को देगी टिकट, वार्ड प्रभारी और पर्यवेक्षक देंगे नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस संगठन ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। प्रदेश कांग्रेस संगठन ने शहर कांग्रेस की बैठक लेकर सभी वार्ड प्रभारियों और पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्र में कार्यकर्ताओं से रायशुमारी करने के निर्देश दिए हैं। पीसीसी ने यह तय किया है, वार्ड पार्षद के लिए युवाओं को टिकट दिया जाएगा।

कांग्रेस मुख्यालय में पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों से कहा गया कि चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। वार्ड में नियुक्त किए गए प्रभारियों से कहा गया है कि वे कल से ही अपने-अपने वार्ड की बैठक लेना शुरू कर दें। पर्यवेक्षकों से कहा गया है कि वे सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाने में उनका सहयोग करेंगे। पीसीसी को प्रभारी और पर्यवेक्षक वार्ड से संभावित कांग्रेस कार्यकर्ता के नाम का पैनल देंगे। जहां पर वार्ड में पैनल नहीं बन पा रहा है, वहां से सिंगल नाम भी दिए जा सकते हैं। उनके द्वारा सुझाए गए नामों को पीसीसी के द्वारा प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष रखा जाएगा, जो उनके नाम को हरी झंडी देंगे।




### हर बूथ तक पहुंचें

नगरीय निकाय में चुनाव को लेकर कांग्रेस की तैयारियों के लेकर कहा गया है कि वार्ड के हर बूथ तक पहुंचने का प्रयास हो। हर बूथ की कमेटी वहां की गतिविधियों पर पूरी नजर रखे। चुनाव कार्यक्रम आने के पहले सभी समितियों को सक्रिय कर वार्ड के संभावित प्रत्याशियों की सूची बना लें।

### ऐसे होगा प्रत्याशी चयन

सभी वार्ड के प्रभारी और पर्यवेक्षक वहां के कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उस वार्ड में राजनीतिक गतिविधियों को गति देने के साथ ही विधानसभा और लोकसभा चुनाव में सक्रिय लोगों की जानकारी देंगे। उनमें से ऐसे नाम जो वार्ड में अपनी उपस्थिति हमेशा देते रहे हैं, ऐसे लोगों का नाम आगे किया जाए। वहां से कम से कम तीन नामों का पैनल तैयार करें। पैनल पीसीसी से प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष रखा जाएगा। उन नामों से एक नाम को फाइनल किया जाएगा।

### जैसा आरक्षण, वैसा ही बंटेगा टिकट

नगर निगम रायपुर में महापौर का पद सामान्य महिला वर्ग के लिए आरक्षित होने के बाद कई कांग्रेस के नेताओं ने अपनी पत्नियों के लिए दावेदारी को लेकर महिला कांग्रेस के नेताओं ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को घेरा। उन्होंने कहा, महिला कांग्रेस की सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही टिकट दिया जाए। पीसीसी अध्यक्ष ने महिला नेत्रियों से कहा है कि जैसा आरक्षण हुआ है, वैसा ही टिकट बंटेगा। किसी नेता के यहां से नाम आने पर पार्टी टिकट नहीं देगी।

### एकजुटता से पार्टी के पक्ष में बनाएं माहौल- बैज

रायपुर नगर निगम क्षेत्र के कांग्रेसियों की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, रायपुर में फिर से एक बार कांग्रेस का महापौर बनाना है। शहर के सभी 70 वार्डों में दमदारी से एकजुटता से चुनाव लड़ना है। पार्टी के प्रति निष्ठावान को मौका मिलेगा। सभी जनता के बीच जाकर पार्टी के पक्ष में माहौल बनायें। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के खिलाफ वातावरण है। भाजपा की साय सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में जनता को निराश किया है। सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश है, जनता भाजपा के खिलाफ निकाय चुनावों में मतदान करेगी।


## मोवा के मेन रोड से लगी 7 हजार से अधिक वर्गफीट भूमि पर अवैध कब्जा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर स्थित ग्राम-मोवा के मेन रोड में स्थित निजी मेसर्स स्वस्तिक रियलटीज की सात हजार से अधिक वर्गफीट भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर लिया है, जिसकी शिकायत तहसील कार्यालय रायपुर और नगर निगम में की गई है। स्वस्तिक रियलटीज के मैनेजर प्रेम चौहान ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि ग्राम मोवा पटवारी हल्का नंबर 45 में स्वस्तिक रियलटीज की वर्गफीट जमीन है, जिसका 762 खसरा नंबर है। इस जमीन के 7155 वर्गफीट पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर यहां भवन का निर्माण कर लिया है।

उन्होंने कहा कि जमीन पर जो निर्माण किया गया है, उसकी नगर निगम कार्यालय से किसी प्रकार की भवन अनुज्ञा नहीं ली गई है, ना ही उक्त निर्माण अनुसार राजस्व जमा किया गया है, जो छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता-1950 की धारा-248 के विरुद्ध है। इस भूमि का विधिवत सीमांकन, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी दल गठित टीम द्वारा किया गया था। उन्होंने बताया कि मेसर्स स्वास्तिक



रियल्टीज भागीदारी कर्म द्वारा तहसील कार्यालय में धारा-250 की कार्यवाही लंबित है। इसके बाद भी लोगों ने रोड-राफ्ते की भूमि पर अवैध कब्जा कर निर्माण कर लिया है, जिस पर राजस्व विभाग एवं नगर निगम द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### न्यायालय में चल रहा प्रकरण

मोवा के मेन रोड से लगी 7 हजार से अधिक वर्गफीट भूमि पर अवैध कब्जा को लेकर स्वास्तिक रियल्टीज फर्म ने शिकायत की है, जिस पर सुनवाई चल रही है। दोनों पक्षों के बयान और दस्तावेजों के आधार पर निर्णय लेकर जल्द आदेश जारी किया जाएगा।

\- पवन कोसमा
तहसीलदार रायपुर

## पेज 11 का शेष

### जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों का ...

अपर कलेक्टर द्वय अनिल वाजपेयी, अंकिता गर्ग, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, सर्व एसडीएम सहिज समस्त जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिले में विकास योजनाओं और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में ग्राम कुरा में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही और प्रस्तावित विकास कार्यों की स्थिति पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही, राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के परीक्षा केंद्रों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने और मतदान केंद्रों का सेक्टर अधिकारियों द्वारा निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला सीईओ ने मतदान प्रक्रिया को सुचारू बनाने के लिए नॉमिनेशन कार्य और मतपत्र प्रूफ रीडिंग के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों की नियुक्ति और प्रशिक्षण की योजना पर भी चर्चा की गई। वीवीआईपी मतदाता सूची को अद्यतन करने और मतदान केंद्रों में ए.एम.एफ. (आवश्यक सुविधाओं) की उपलब्धता की समीक्षा की गई। **खराब ट्रांसफार्मर को बदल दें:** सीईओ ने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड ई-केवाईसी, ग्रीष्मकालीन कृषि की जानकारी, व्यवस्थापन एवं आबंटन, खाद एवं बीज भण्डारण, मिट्टी नमूना संग्रहण, शौचालय निर्माण, निराश्रित पेंशन, सारबिला अकादमी, दिव्यांग पेंशन, मध्याह्न भोजन, अनाज भंडारण, मनरेगा, भू-अर्जन सहित अन्य विषयों पर जानकारी ली एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंड में चल रहे कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन की जानकारी ली और जिले में खाद बीज भंडारण और वितरण के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने बिजली विभाग से कहा कि जिन जिन जगहों पर ट्रांसफार्मर खराब हो गए हैं उन ट्रांसफार्मर को बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए ।

# वीआईपी रोड बिल्डिंग हादसा तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

### तीन दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र की घटना


वीआईपी रोड पर बन रहे नए रिहायशी अपार्टमेंट में हुआ हादसा

अविनाश ऐलीगेंसः सातवीं मंजिल की ढलाई में छत गिरी, आठ मजदूर दबे, दो की मौत

वीआईपी रोड स्थित अविनाश एलिगेंस के निर्माणाधीन अपार्टमेंट में सातवीं मंजिल की ढलाई के दौरान बड़ा हादसा हो गया। मजदूर काम कर रहे थे उसी वक्त निर्माणाधीन छत ढह गई। सभी मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरे मजदूर ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दो अन्य मजदूरों की हालत चिंताजनक है। घायल मजदूरों का एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना शनिवार दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच की है। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने मौके पर राहत तथा बचाव कार्य करने के साथ घटना की जानकारी पुलिस के साथ अपने मालिक को दी।

सातवीं मंजिल से गिरकर मलबे में दबे।

दो मजदूरों की हालत चिंताजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हादसे में जिन दो मजदूरों की मौत हुई है, उनमें बलौदाबाजार निवासी रहमत बेग तथा दूसरा बलरामपुर निवासी रामदास पंडो है। मौके पर काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि जिन मजदूरों की मौत हुई है, वे दोनों टाइल्स लगाने का काम करने वाले मजदूर थे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। मजदूर जहां ▶▶ शेष पेज 4 पर

दुःखद समाचार

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि निर्माणाधीन इमारत के गिरने से 2 लोगों की मृत्यु और कुछ लोगों के घायल होने का दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। उच्चाधिकारियों को राहत और बचाव कार्य हेतु आवश्यक निर्देश दिए हैं। घटनास्थल पर राहत व बचाव कार्य जारी है।

36 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन गिरे साइलो को हटाया गया

मुंगेली/सरगांव। जिले के ग्राम रामबोड़ स्थित कुसुम स्मेल्टर प्लांट दुर्घटना के 36 घंटे बाद जिला प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा कर लिया है। हादसे में चार लोगों की मौत हुई है। शुक्रवार की देर रात स्मेल्टर प्लांट में लगभग 200 टन वजनी ▶▶ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वीआईपी रोड स्थित निर्माणाधीन अविनाश एलिगेंस बिल्डिंग हादसा मामले में तेलीबांधा पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ सोमवार को अपराध दर्ज किया है। जिन लोगों के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है, उनमें इंजीनियर, ठेकेदार तथा मैनेजर के नाम शामिल हैं। मामले की पड़ताल तथा घायलों के बयान के आधार पर और अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज करने की बात कही है। बिल्डिंग हादसा मामले में इंजीनियर वेद प्रकाश, ठेकेदार निशांत साहू तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अजय गौतम के खिलाफ पुलिस ने बीएनएस की धारा 125 ए, 106-1 तथा 3, 5 के तहत अपराध दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि शनिवार को दोपहर बिल्डिंग निर्माण के दौरान भवन की छत के कालम में मलमा डालते समय लोड ज्यादा हो गया और मलमला भरभराकर छज्जे पर गिरा, जिसकी वजह से चैली टूट गई। चैली टूटने से दो मजदूरों की मौत हो गई तथा छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका उपचार वीवाय अस्पताल में चल रहा है।

कार्यक्रम में भारत और विदेश के 300 के अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

# गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन (टीआरईसीजी) द्वारा मेरा रिसॉर्ट और कन्वेंशन सेंटर रायपुर में दो दिवसीय 10 और 11 जनवरी को सम्मेलन और एक्सपो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत स्थापित वैधानिक निकाय कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) और छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम (सीएसआईडीसी) के सहयोग से किया गया। इस सम्मेलन में भारत और विदेश के 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आयोजन के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया और कहा कि यह आयोजन उस समय में हुआ है, जब चावल के मुक्त निर्यात पर लगी पाबंदियां हटाई गई हैं, खरीफ फसल की अच्छी उम्मीदें हैं और वैश्विक मांग में वृद्धि हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने उद्योग को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया और गैर-बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकारी और औद्योगिक परामर्शात्मक और सहयोगात्मक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसी दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव देव साय ने राज्य से चावल के निर्यात पर मंडी कर को शून्य स्तर तक घटाने की घोषणा की और निर्यातकों को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार निर्यात को प्रोत्साहित करने वाली नीतियों का पालन करती रहेगी। कृषि और किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम ने मंडी कर को शून्य करने की शीघ्र क्रियान्वयन प्रक्रिया पर बल दिया। एपीईडीए के अध्यक्ष अभिषेक देव, आईएएस ने देशभर में ऐसे और आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया और उद्योग को एपीईडीए के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। टीआरईसीजी के अध्यक्ष मुकेश जैन ने सभी प्रतिभागियों और वक्ताओं का धन्यवाद किया और आयोजक के समर्थन के लिए सभी संगठनों और प्रायोजकों का आभार व्यक्त किया।

### सम्मेलन में ये रहे शामिल

इस दो दिवसीय सम्मेलन में गैर-बासमती चावल के प्रमुख निर्यातकों और वैश्विक खरीदारों, नीति निर्माताओं, विद्वानों, शोधकर्ताओं, बंदरगाह, शिपिंग, लॉजिस्टिक्स, बैग निर्माण, स्वच्छता सेवाएं, प्रयोगशालाएं, परीक्षण उपकरण, प्रमाणन और सर्वेक्षण एजेंसियां, बैंकिंग और वित्त, बीमा और संबंधित उद्योग के अन्य हितधारकों ने भाग लिया। चर्चा के लिए प्रमुख विषयों में गैर-बासमती चावल की उत्पादकता और विविधता, समुद्री माल ढुलाई में चुनौतियां और नवाचार, बंदरगाह स्तर की चुनौतियां, समुद्री रेल संपर्क को बढ़ाना, सरकारी नीतियां और आगे का रास्ता, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला चुनौतियों से निपटना, गोदाम और लॉजिस्टिक्स में प्रगति, वैश्विक गैर-बासमती चावल की मांग के रुझान और भारत की रणनीतिक भूमिका, जीएसटी/ आरओडी/ टीईपी/ ब्याज सब्सिडी का प्रभाव, बैंकिंग सेवाओं में हालिया प्रगति, व्यापार जोखिम शमन बीमा समाधान और गैर-बासमती चावल के लिए वैश्विक बाजार प्रक्षेपण शामिल थे।

## रेलमंडल के रायपुर और दुर्ग स्टेशन का पुनर्विकास

# मेट्रो की तर्ज पर मॉडल स्टेशन में सुविधाएं वायु और ध्वनि प्रदूषण से भी मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर मंडल में रायपुर और दुर्ग स्टेशन काा मॉडल स्टेशन के रूप में पुनर्विकास किया जाएगा। विभिन्न चरणों में यह कार्य किया जाएगा, जिसकी शुरुआत हो चुकी है।

रेलवे गुढ़ियारी की तरफ कई पुरानी बिल्डिंग में तोड़फोड़ शुरू कर चुका है। सामने की ओर जल्द ही कार्य शुरू होगा। बीते दिनों स्टेशन पुनर्विकास कर रही ठेका कंपनी ने वायु और ध्वनि प्रदूषण की मशीन के जरिए जांच की। हरिभूमि से बातचीत में बताया कि मॉडल स्टेशन में यात्रियों को केवल आधुनिक सुविधाएं ही नहीं, बल्कि ध्वनि और वायु प्रदूषण से बड़ी राहत मिलेगी। वर्तमान में स्टेशन परिसर का शोर मापदंड से अधिक है। वायु में ही धूल और राख अधिक पाई गई है।

- अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का हो रहा कायाकल्प

मॉडल स्टेशन को इस तरह विकसित किया जाएगा कि ध्वनि और वायु अपने मापदंड से अधिक न हो।

मशीन के जरिए सैंपल लिया गया है, जिसकी लैब जांच होगी। ठेका कंपनी का कहना है कि एयरपोर्ट पर अत्यधिक शोर सुनाई नहीं आता है। इसके पीछे बिल्डिंग की बनावट होती है, जिससे आवाज कानों को चुभती नहीं है। रेलवे स्टेशन भी इसी तरह बनाया जाएगा, ताकि अंदर का शोर बाहर न आए और बाहर की आवाज को कम किया जा सके।

### 74 टॉयलेट और 12075 स्क्वेयर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर

रायपुर स्टेशन का मेजर री-डेवलपमेंट लगभग 482.48 करोड़ का है। स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाएं और यात्रियों को बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करने के लक्ष्य के साथ विकसित किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्था होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। यात्रियों के अनुकूल सर्वसुविधायुक्त बनाने भव्य प्रवेश एवं विकास द्वार, यात्रियों के आवागमन एवं निकास के लिए सुगम पथ, 10 टिकट बुकिंग विंडो, बेहतरीन प्लेटफार्म सरफेस, 300 किलोवाट पॉवर सोलर सोलर पैनल युक्त ऊर्जा संरक्षण, प्रत्येक प्लेटफार्म पर 26 कोच इंडिकेशन बोर्ड, 74 टॉयलेट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 6 मीटर चौड़े तीन फुट ओवरब्रिज, 40 वाटर कूलर, 42 लिफ्ट, 3512 स्क्वायर मीटर पार्सल एरिया, 12075 स्क्वायर मीटर प्लेटफार्म शेल्टर, 10 यात्री आरक्षण सुविधा काउंटर, 16 एस्केलेटर लगाए जाने हैं।

### गुटीय विवाद पर हत्या के आरोप में आठ और गिरफ्तार ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

**रायपुर।** आमासिवनी में पिछले वर्ष नवंबर में शराब पीने के विवाद पर हत्या के मामले में विधानसभा थाने की पुलिस ने सोमवार को आमासिवनी के रहने वाले आठ लड़कों को गिरफ्तार किया है। लड़कों की गिरफ्तारी के बाद आक्रोषित क्षेत्रवासियों ने विधानसभा रोड जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों की समझाइश पर लोग लौटे। उल्लेखनीय है कि शराब पीने के दौरान दो गुट आपस में भिड़ गए थे। एक गुट के लड़कों ने दूसरे गुट के सड्डू, खालबाड़ा निवासी रोहित सागर की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। दूसरे गुट के लड़कों ने भी आमासिवनी निवासी हरीश साहू का अपहरण कर उसकी भी हत्या कर दी थी। पुलिस ने रोहित सागर की हत्या के आरोप में निखिल उर्फ आशू तिवारी, राकेश यादव, सूरज बंजारे, सौरभ वर्मा, शहजाद खान, सोमनाथ साहू, गितेश कुमार यादव तथा टिकेश तुकराने को गिरफ्तार किया है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# नगरीय निकाय चुनाव के लिए राजनीतिक दलों की तैयारी तेज, सप्ताहभर में तैयार हो जाएगा पैनल


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जहां निर्वाचन विभाग ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है, वहीं राजनीतिक दल भी सक्रिय हो गए हैं। भाजपा और कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन को लेकर अपने प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। वहीं अब दोनों ही दलों की बैठकों का दौर भी शुरू हो रहा है।

कांग्रेस से जिले के प्रभारी पूर्व विधायक दुर्ग अरुण वोरा जिले के कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। वहीं, भाजपा से राजनांदगांव के पूर्व सांसद प्रदीप गांधी जिले के दौरे में रहने वाले हैं। राजनीतिक दलों से मिली जानकारी के अनुसार अगले एक सप्ताह में ही सभी वार्डों में पैनल तैयार करने का काम कर लिया जाएगा। वहीं 21 से 24 जनवरी के मध्य सभी वार्ड, अध्यक्ष को लेकर प्रत्याशियों का नाम ऐलान कर दिए जाने की संभावना है। बताया जा रहा है कि समय की कमी को देखते हुए सर्वे के बजाय कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं की सूची पर भी चर्चा कर प्रत्याशी चयन में नाम शामिल किए जाएंगे।

**भाजपा में नेताओं को बांटे जाएंगे क्षेत्र:** शहरी इलाकों में होने वाले चुनाव को लेकर भाजपा ने संगठन स्तर पर पहले ही अपनी तैयारियां कर ली है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोन बांटकर नेताओं में जिम्मेदारी देने का काम किया जाएगा। इसके साथ ही पार्टी पार्षद पद की दावेदारी कर रहे लोगों के नामों पर विचार कर पैनल तैयार किया जाएगा।

## कांग्रेस पर्यवेक्षक लेंगे नेताओं की बैठक, भाजपा भी सूची बनाने में जुटी



### कांग्रेस लेगी दावेदारों से आवेदन

मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस संगठन विधानसभा चुनाव के जैसे ही निकाय चुनाव में भी दावेदारों से आवेदन मंगाएगी। बताया गया कि वार्ड पार्षद के अलावा नपा अध्यक्ष और नपं अध्यक्ष पद की दावेदारी कर रहे लोगों को पर्यवेक्षक के जरिये अपना आवेदन पहुंचाना होगा। आवेदन करने वाले नेताओं में से ही तीन नामों का पैनल तैयार कर टिकट फाईनल की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बंशी पटेल ने बताया कि जिले में नगर पालिका नगर पंचायत व त्रिस्तरी पंचायत के चुनाव की तैयारी प्रदेश संगठन के दिशा निर्देश के अनुसार की जा रही है। आगामी दिनों में जिले के प्रवेक्षक अरुण वोरा की मौजूदगी में बैठक आयोजित होगी। श्री पटेल ने जिले के संगठन पदाधिकारी व कार्यकर्ता से कहा कि जिन्हें भी अध्यक्ष व पार्षद एवं जिला जनपद चुनाव में दावेदारी पेश करना चाहते हैं वे अपना आवेदन व बायोडाटा जिला कांग्रेस कमेटी से नियुक्त प्रवेक्षक के समक्ष अनिवार्य रूप से करे।

## बैठक : टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही के दिए निर्देश

# जनदर्शन में प्राप्त प्रकरणों का समय पर नहीं हुआ निराकरण, सीईओ ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल ने कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर टीएल के संबंधित पत्र, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य गतिविधियों की समीक्षा की।

- मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की

उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों तथा टीएल के लिए प्रेषित प्रकरणों को समय सीमा में कार्यवाही नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बैठक में दिए गए निर्देशों एवं टीएल में दर्ज प्रकरणों पर गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने जिले में विभिन्न विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई, जिसमें मुख्यमंत्री की घोषणाओं के क्रियान्वयन की स्थिति पर चर्चा की गई। बैठक में सीईओ ने दिशा-निर्देश देते हुए विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा की। बैठक में ▶▶| शेष पेज 12 पर




### लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें

बैठक में नरेगा और स्वच्छ भारत मिशन (एस.बी.एम.) में स्थल विवाद के कारण रुके हुए कार्यों, सोशल ऑडिट प्रकरणों, और अन्य लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही, 22 जनवरी और 25 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा की गई और इन कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करें और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी योजनाओं के क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। बैठक में आगामी योजनाओं के साथ-साथ धान खरीदी और उठाव कार्य की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि धान खरीदी प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी न हो और किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, महतारी सदन निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति का भी जायजा लिया गया, जिसमें कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए। जल संचयन कार्यों की प्रगति पर भी विशेष ध्यान दिया गया और जन भागीदारी के माध्यम से जल संरक्षण की योजनाओं को तेजी से लागू करने की बात कही गई।

### गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में आगामी 26 जनवरी 2025 को जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की भी गहन समीक्षा की गई। समारोह के सफल आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, परेड की तैयारी, और अतिथियों के स्वागत की योजना पर विशेष ध्यान दिया गया। अधिकारियों को समय पर सभी तैयारियों को पूरा करने के निर्देश दिए गए ताकि कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। इसके अलावा, धान खरीदी और उठाव कार्य, महतारी सदन निर्माण, और जल संचयन कार्यों की प्रगति की भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया और रीपा संचालन के लिए केंद्रों का निरीक्षण की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे फाइनेंस कंपनियों द्वारा महिला समूहों से धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करें।

# शहर में समस्याओं का अंबार, नगर पालिका पहुंचे भाजपा नेता योगेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका के वार्डों में व्याप्त समस्याओं की अनदेखी से नाराज जिला भाजयुमो उपाध्यक्ष योगेश

- गंदगी व साफ सफाई की अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

वर्मा के नेतृत्व में मंगलवार शहर के विभिन्न वार्डवासियों के साथ नगर पालिका पहुंच जमकर नाराजगी जाहिर की इस दौरान नगर पालिका अधिकारी कोमल ठाकुर को लिखित में ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया गया कि शहर के कई वार्डों की नाली का जाम होने से गंदगी युक्त पानी सड़क पर बह रहा। वहीं, सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं चलने के कारण वार्डों में जगह-जगह गंदगी पसरी हुई है, जिसे तत्काल निराकरण करने की मांग की गई।

मीडिया से बातचीत करते हुए भाजयुमो नेता योगेश वर्मा ने कहा कि नगर पालिका में में विगत 05 वर्षों से कांग्रेस का शासन है। जिस तरह के हालत शहर का नजर आ रहा है उससे वार्डवासी पीने के पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं और परेशान हैं। इस मामले में नगर पालिका सीएमओ कोमल सिंह ठाकुर ने भाजयुमो नेता व नागरिकों से कहा कि जल्द ही पूरे टीम के साथ जाकर समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।

# एसपी से एसएसपी बने रामकृष्ण साहू अधिकारी-कर्मचारियों ने दी बधाई



**बेमेतरा।** पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बनने पर जिला साहू संघ के अधिकारी कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस दौरान संघ के नानक साहू, गुलाब साहू, एमएल साहू, नालेश्वर साहू, राजेंद्र साहू, राजकुमार साहू, हीरा साहू, दिनेश साहू सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण और मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का पूरा ध्यान : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समन्वयक हरिओम शर्मा छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण द्वारा विभागीय अभियंताओं की उपस्थिति में बीते दिवस मुख्य मार्ग से ताला, मटका पहुँच मार्ग, मुख्य मार्ग से अतरिया, मुख्य मार्ग से धनगांव, मुख्य मार्ग से झालम, अंधियारखोर से माखनपुर तथा समेसर से मानपुर इत्यादि मार्गों का निरीक्षण किया गया जिसमें उनके द्वारा नियमित संधारण के अंतर्गत नागरिक सूचना बोर्ड, कि.मी. स्टोन, 200मी. स्टोन, विलेज बोर्ड , शोल्डर सफाई तथा रेन कट्स भराई इत्यादि कार्यों का सतत रूप से संधारित करने हेतु निर्देशित किया गया तथा सड़क नवीनीकरण के अंतर्गत नवागढ़ से हरमुड़ी मार्ग के डामरीकरण कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने कार्य प्रगति की समीक्षा की और ठेकेदारों व संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की। विशेष रूप से, संधारण और नवीनीकरण कार्यों की गुणवत्ता पर ज़ोर दिया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की दीर्घकालिक स्थायित्व और उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके।



मुख्य अभियंता ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण सड़कों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, और इन सड़कों का उचित रखरखाव और नवीनीकरण आवश्यक है ताकि ग्रामीण जनसमुदाय को सुगम यातायात सुविधा मिल सके। उन्होंने ठेकेदारों को समय पर और उच्च गुणवत्ता वाले कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यों की गहन जांच की और कुछ स्थलों पर तकनीकी सुधार के सुझाव दिए।

उन्होंने कहा कि सरकार इस योजना के अंतर्गत बने सड़कों की स्थिति पर पूरी निगरानी रखेगी और गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी ठेकेदार नियमित संधारण नहीं कर रहा हो तो उनका संधारण अवधि बढ़ाने तथा अनुबंध के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश जारी किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित समयसीमा और तकनीकी मानकों का पालन सुनिश्चित करना था।

## बीआरसी भवन में हुई पीएलसी साइंस बेमेतरा की बैठक

# विज्ञान शिक्षण के स्तर को और अधिक उन्नत बनाने को लेकर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पीएलसी (प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी) साइंस बेमेतरा की बैठक मंगलवार बीआरसी भवन में हुई। इसमें पीएलसी साइंस बेमेतरा विकासखंड के पीएलसी सदस्यों ने बैठक एवं चर्चा में विज्ञान विषय संबंधी विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। बीआरसीसी बेमेतरा राजेंद्र कुमार साहू ने अपने विकासखंड में विज्ञान शिक्षण के स्तर को और अधिक उन्नत करने के प्रयास पर चर्चा की गई। बीआरसी साहू द्वारा कार्यशाला के आयोजन पर विस्तृत प्रकाश डाला गया और अपने स्कूल स्तर पर आने वाली कठिनाइयों को आगामी बैठक में विस्तृत रूप से चर्चा करने के लिए कहा गया। पीएलसी का अर्थ, पीएलसी सदस्यों के मुख्य कार्य, उत्तरदायित्व क्या है ? पीएलसी सदस्यों की भूमिका स्कूल और शिक्षा के अंतर्गत क्या है?बच्चों व शिक्षकों के साथ क्या कार्य करना है ? बच्चों और शिक्षकों के साथ मिलकर विज्ञान शिक्षण के लिए कैसे अच्छे वातावरण बनाएं ? शिक्षण को बेहतर बनाने में मदद करने के लिए पीएलसी सदस्यों की भूमिका और सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई।

### आगामी कार्य योजना की दी गई जानकारी

पीएलसी द्वारा आगामी कार्य योजना के तौर पर पाठ्यक्रम में जितने भी छोटी-छोटी क्रियाकलाप है उनको अपने आसपास में उपलब्ध वस्तुओं के माध्यम से करके दिखाना। अपने विद्यालय में ही छोटे-छोटे टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) का निर्माण करना। बैठक में पीएलसी साइंस के सदस्य मंजू साहू सेजेस सिंघौरी, कृष्ण कुमार करमाकर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला निनवा, निधि साहू शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बैजलपुर, प्रीतम चंद्राकर शासकीय प्राथमिक शाला लोलसरा, रंजना गोस्वामी नवीन स्कूल बेमेतरा, प्रशांत बघेल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंघौरी, रश्मि तिवारी प्राथमिक शाला पड़कीडीह, तुलसींग राजपूत पूर्व माध्यमिक शाला अतरगढ़ी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जंजगीरी में शिव महापुराण कथा 19 से

**थानखम्हरिया।** श्री राधे निकुंज आश्रम में श्री निकुंजश्वर महादेव के प्रथम वार्षिक उत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शिव महापुराण कथा महोत्सव एवं रुद्राभिषेक महायज्ञ का आयोजन 19 से 26 जनवरी तक किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और नगरवासियों को निमंत्रण देने के लिए पं नारायण महाराज ने नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर महंत बसंत दास वैष्णव और शिष्य परिवार के साथ भेंट की। इस अवसर पर नगरवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और आयोजन के लिए सहयोग राशि भी प्रदान की। प्रतिदिन कथा का वाचन प्रख्यात कथा वाचक नारायण महाराज द्वारा किया जाएगा, जिसमें भगवान शिव की महिमा का विस्तार से वर्णन होगा। शिव की आराधना के लिए विशेष यज्ञ का आयोजन, जिसमें सभी श्रद्धालु भाग ले सकेंगे। उक्त अवसर पर भजन संध्या और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### दो बाइक में भिड़ंत दंपति घायल

**बालोद।** ग्राम सिवनी के पास ओवरटेक करने के प्रयास में एक बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, चालकों को चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर पति पत्नी सवार थे तथा दूसरी बाइक पर दो युवक सवार थे। पति पत्नी की हालात गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें 108 के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया जहां उनका ईलाज किया गया।

### कोलिहापुरी में सामूहिक विवाह आज

**अंडा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह 15 जनवरी को ग्राम कोलिहापुरी में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल होंगे, अध्यक्षता छ.ग. राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछडा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर करेंगे। कार्यक्रम सुबह 9:00 बजे से प्रारंभ होगा।

### चिंगरी में मंगल भवन का लोकार्पण आज

**अंडा।** विधायक निधि से वार्ड क्रमांक-02 में निर्मित मंगल भवन का लोकार्पण आज किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे, अध्यक्षता माया बेलचंदन जिला पंचायत सदस्य करेंगे।

### ग्राम डौकीडीह में मड़ई-मेला कल

**अंडा।** ग्राम डौकीडीह में 16 जनवरी को भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मोर संगी जंहुरिया नाचा पार्टी ग्राम गुजरा जिला धमतरी वालों का कार्यक्रम होगा। सरपंच मोहन लाल चन्द्राकर ने बताया कि मड़ई मेला के अवसर पर रात्रि चौसर पासा प्रतियोगिता भी रखी गई है। इसके लिए प्रवेश शुल्क 200 रूपए है। इसके विजेता को प्रथम पुरस्कार के रूप में 3001 रूपए प्रदान किए जाएंगे। वहीं, द्वितीय पुरस्कार 2001 तथा तृतीय पुरस्कार 1001 रूपए रखा गया है।

### बेलहारी और जामगांव आर में मानसगान प्रतियोगिता 17 से

**जामगांव आर।** ग्राम बेलहारी और जामगांव आर में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता, मेला का आयोजन रखा गया है। जामगांव आर में 17 जनवरी को रात्रि 7.30 बजे से आकाशवाणी दूरदर्शन कलाकार चेतन देवांगन की पंडवानी एवं 19 जनवरी को रात्रि 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग छत्तीसगढ़ सुरगी की मनमोहन प्रस्तुति होगी। बेलहारी में मड़ई मेला का भव्य आयोजन सुनिश्चित किया गया है।


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### नागरिक सभी सेवाओं का लाभ घर बैठे प्राप्त कर सकेंगे

**बेमेतरा।** कलेक्टोरेट दिशा सभाकक्ष में जिले के सरकारी अधिकारियों को ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल से संबंधित जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी अंकिता गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को पोर्टल के सफल कार्यान्वयन के लिए जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल को आगामी दिनों में लाइव किया जाएगा। इसके लिए सभी सरकारी अधिकारियों को जल्द से जल्द अपना डिजिटल सिग्नेचर पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि सेवाओं को ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पुराने पोर्टल पर जो आवेदन लम्बित हैं, उनका जल्द से जल्द निराकरण किया जाए ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशिक्षण सत्र में यह भी बताया गया कि ई-डिस्ट्रिक्ट 2.0 पोर्टल डिजिटल इंडिया के उद्देश्यों को और सशक्त करेगा। नागरिक अपने आवेदनों को ऑनलाइन सबमिट कर सकेंगे और सभी सेवाओं का लाभ घर बैठे ही प्राप्त कर सकेंगे। इस नए पोर्टल के माध्यम से सेवाओं के वितरण में पारदर्शिता और तेज़ी लाई जाएगी। इस अवसर पर ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर महेन्द्र वर्मा ने प्रशिक्षण का नेतृत्व करते हुए बताया कि यह नया पोर्टल आम नागरिकों को पहले से अधिक सुविधाजनक और तेज सेवाएं प्रदान करेगा। पोर्टल के माध्यम से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, दुकान स्थापना पंजीयन, भवन निर्माण अनुज्ञा, गुमास्ता पंजीयन, नल कनेक्शन, और पेंशन योजना जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि सभी सरकारी उपयोगकर्ता इस नए पोर्टल की विशेषताओं और सेवाओं से भली-भांति परिचित हो सकें, जिससे भविष्य में सेवाओं का प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सके।

### खपरी के ग्रामीणों ने लिया चुनाव बहिष्कार का निर्णय

**बालोद।** ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने सरपंच कुलेश्वर सार्वा के नेतृत्व में कलेक्टरेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात की। ग्रामीणों ने अपने पूर्व के आवेदन पर कार्यवाही नहीं करने की शिकायत करते हुए उसका निराकरण नहीं होने के कारण चुनाव बहिष्कार करने की सूचना देते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम खपरी के ग्रामीणों द्वारा पूर्व में 8 अक्टूबर 2024 को इसके संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया था, जिसके निराकरण का कोई प्रभाव ग्राम में अभी तक नहीं देखा गया है। इसलिए सभी ग्रामीणों ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है।

### शराब दुकान कर्मचारी से मारपीट, दो के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** पुरानी रंजिश के कारण ग्राम अरकार की शराब भट्ठी में मल्टीवर्कर का कार्य करने वाले व्यक्ति से दो लोगों ने मारपीट कर दी। इस मामले में व्यक्ति ने सनौद थाने में दो लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। ग्राम दियाबाती निवासी प्रार्थी तेजप्रताप साहू ने बताया कि सोमवार को मैं शराब भट्ठी अरकार में काम कर रहा था, उसी दौरान दोपहर करीबन 1 बजे ग्राम अरकार निवासी तरूण ठाकुर, भोजराम निषाद शराब भट्ठी के सामने आकर मुझे बेवजह पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज कर मारपीट की है।

### ओवरलोड ट्रक से बीच सड़क पर गिरने लगीं धान की बोरियां, बाल-बाल बचे राहगीर

**बालोद।** जिले में धान परिवहन में सारे नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है, जिसका खमियाजा आम नागरिकों व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। पर सरकारी वाहनों की जांच कर वाहवाही लूटने वालों की नजर इस पर नहीं पड़ रही है। समितियों से धान का उठाव के दौरान ट्रकों में धान की बोरों की इतनी ज्यादा मात्रा डाली जा रही है कि वाहन ओवरलोड तो हो रहा है, साथ ही उसकी ऊंचाई इतनी अधिक रहती है कि विद्युत तारों को भी छूने लगता है। मंगलवार को झलमला में घोटिया चौक पर धान से भरे ट्रक के ऊपरी भाग का धान बोरा अचानक नीचे गिरने लगा। .

---

### प्रधान पाठिका हिम कल्याणी ने बच्चों को बताया पर्व का महत्व

# शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मकर संक्रांति के पावन अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में शाला की प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बच्चों को मकर संक्रांति के बारे में जानकारी दी। शाला की प्रधान पाठिका ने बताया कि मकर संक्रांति हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। मकर संक्रांति सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने पर मनाया जाता है। इस दिन से दिन बड़ा और रात छोटे होने लगती है।

यह पर्व हर वर्ष 14 या 15 जनवरी को मनाया जाता है। मकर संक्रांति को फ़सल के त्यौहार के रूप में मनाया जाता है। अलग अलग राज्यों में इसे अलग अलग नामों मनाया जाता है। जैसे तमिलनाडु में पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, उत्तर प्रदेश में खिचड़ी आदि। शाला की प्रधान पाठिका ने मकर संक्रांति त्यौहार से जुड़ी एक कथा भी बच्चों को बताई कि जब पृथ्वी पर असुरों का आतंक काफी बढ़ गया था तब मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने असुरों का संहार किया और सभी को उनके आतंक से मुक्ति दिलाई थी। कहते हैं भगवान विष्णु ने असुरों के सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था। मकर संक्रांति का यह पावन पर्व भगवान सूर्य देव को समर्पित है और लोग स्वास्थ्य, धन और समृद्धि के लिए उनका आशीर्वाद लेने हेतु प्रार्थना करते हैं। इस दिन गंगा स्नान, तिल का दान और पतंग उड़ाने की परम्परा है। यह त्यौहार खुशहाली, समृद्धि, और भाईचारे का प्रतीक है, इस अवसर पर बच्चें माँ सरस्वती की पूजा अर्चना किए, शिक्षिका हेमलता ठाकुर, शिक्षक हिरेश टंडन चार्ट पेपर से बच्चों को पतंग बनाना सिखाये। बच्चे बहुत सुंदर बाल गीत की प्रस्तुति दिए, तिल के लड्डू सभी बच्चों में बांटे गये और हर्षोउल्लास के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाये।

---

# पीएम श्री विद्यालयों के शिक्षकों को दिया गया क्षमता निर्माण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ पुणे में आयोजित कार्यक्रम में जिले से तीन शिक्षक हुए शामिल



पीएम श्री विद्यालय प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापनरत शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तरीय क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पुणे महाराष्ट्र में किया गया। इस कार्यशाला में देश भर के पीएम श्री स्कूलों में अध्यापनरत 103 शिक्षकों को प्रशिक्षण में सम्मिलित किया गया। इस कार्यशाला में बेमेतरा जिला से तीन शिक्षकों ने सहभागिता की। जिसमें बेरला विकासखण्ड के पीएम श्री विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला सरदा से शिक्षिका यामिनी सेन, बेमेतरा विकासखण्ड के पीएम श्री विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला उघरा से महेश कुमार वर्मा, एवं नवागढ़ विकासखण्ड के पीएम श्री विद्यालय शासकीय प्राथमिक शाला अमोरा से श्याम कुमार सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो एम एस संथानम , आशीष गौतम, विजय रंजन, प्रो देवप्रिया चट्टोपाध्याय द्वारा किया गया। पहले दिन शिक्षकों ने पिंपरी-चिंचवड साइंस पार्क और कल्पक घर का दौरा किया, जो उनके लिए सबसे यादगार अनुभवों में से एक रहा। इस दौरान उन्होंने विज्ञान और नवाचार के कई रोमांचक पहलुओं को करीब से देखा और समझा। दूसरे दिन कार्यक्रम में वैज्ञानिकों के साथ संवाद, स्वयं करके सीखने वाली गतिविधियाँ, प्रकृति भ्रमण, रात्रि आकाश दर्शन और हमारे शोध प्रयोगशालाओं का दौरा जैसी कई रोचक और ज्ञानवर्धक गतिविधियाँ शामिल थीं। डॉ आशीष अरोरा भौतिकी विभाग, पुणे और डॉ सुप्रिया पिसोलकर, डॉ शालिनी शर्मा साइंस मीडिया सेंटर, आईआईएसईआर पुणे ने शिक्षकों के साथ विज्ञान और गणित के रोमांचक पहलुओं पर संवाद किया। उन्होंने गणित शिक्षण को रोचक और मजेदार कैसे बनाएं, यह बताया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रमाण पत्र वितरण और प्रेरणादायक समापन के अवसर पर संबोधन प्रो सुनील भागवत , डॉ अपर्णा देशपांडे, आशीष गौतम और विजय रंजन द्वारा किया गया।

---

## चीजगांव स्कूल के बच्चे शैक्षणिक भ्रमण के लिए मैत्री गार्डन पहुंचे



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चीजगांव के बच्चों ने शिक्षकों के साथ भिलाई स्थित मैत्री गार्डन भ्रमण के लिए पहुंचे। जहां पहुंचकर बच्चों ने पशु-पक्षियों को देखा एवं उसके बारे में जाना। प्रधान पाठक एवं बच्चों ने एक साथ बैठकर नास्ता भी किया। गार्डन के बाहर लगे स्टॉल से बच्चों ने अपने आवश्यकता की वस्तुओं की खरीददारी भी की। पेड़-पौधों के साथ फोटो भी खिंचवाए। बस के अंदर अंताक्षरी, किस्से कहानियों का भी आनंद लिया। जिन उद्यानों, मंदिरों एवं प्राचीन स्थलों के बारे में बच्चे किताबों में पढ़ते थे उन्हें प्रत्यक्ष देखकर उनकी जिज्ञासाओं में अभिवृद्धि हुई। बीच-बीच में रूकते हुए नदियों, पेड़-पौधों एवं रास्तों के बारे में भी बच्चे की जिज्ञासा देखते ही बनती थी। दोनों स्कूल के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने बताया कि बच्चों ने पूरे दिन उमंग के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू, शिक्षक दीपक लाल ठाकुर एवं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लोकेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी एवं बच्चे उपस्थित थे।

---

## सांसद बघेल ने हरिभूमि के कैलेंडर का किया विमोचन...



**साजा।** हरिभूमि के कैलेंडर 2025 का विमोचन सांसद विजय बघेल व विधायक ईश्वर साहू ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हरिशंकर टावरी, मंडल अध्यक्ष बुलाक साहू, जिला पंचायत सभापति गोविंद पटेल, सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष कमल राठी, वरिष्ठ भाजपा नेता मूलचंद शर्मा, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, साजा प्रतिनिधि राजू शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सांसद श्री बघेल ने हरिभूमि कैलेंडर के प्रकाशन पर अपनी शुभकामनाएं दीं।

---

## स्व सहायता समूह की महिलाएं लोगों को स्वच्छता के लिए कर रही हैं जागरूक



**परपोड़ी।** लोगो को जागरूक करने के लिए राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन और स्वच्छ भारत मिशन के संयुक्त प्रयास से निकाय में महिला स्व सहायता समूह और स्वच्छता से जुड़ी महिलाओं द्वारा निकाय के जनप्रतिधियों और वार्डवासियों के साथ मिलकर स्वच्छता के लिए लोगों को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही निकाय को साफ सुथरा बनाये रखने कचरा इधर-उधर नहीं फेकने के लिए भी जागरूकता फैलाई जा रही है। बता दें कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और सेग्रीगेशन कर वार्डों को लगातार स्वच्छ किया जा रहा है। साथ ही नगर के वार्डो में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग देने के लिए नीला एवं हर डब्बा भी घर-घर जाकर बांटा जा रहा है ।

---

## ग्राम कंड़रका में छेरछेरा पर लगा पुन्नी मेला



**बेमेतरा।** पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत बेरला ब्लॉक के ग्राम कंड़रका में छेर-छेरा पुन्नी मेला, कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्राम कंडरका में अपने विधायक कार्यकाल के दौरान स्वीकृत किए गए ज्योति कक्ष लागत राशि 3 लाख रुपए निर्माण कार्य के लोकार्पण समारोह में मुख्य रूप में सम्मिलित हुए। इस दौरान श्री छाबड़ा ने लोगों को छेरछेरा पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने नवनिर्मित ज्योति कक्षा को आम जनता को समर्पित किया।

इस शुभ अवसर पर सिद्ध पीठ माँ सत्ती एवं श्री सिद्ध पीठ हनुमान जी मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला यशोदा गोपीचंद निषाद सरपंच ग्राम पंचायत कंडरका चंदू यादव मनोज निषाद विनोद परगनिहा सूर्यकांत परगनिहा सपन शर्मा रोहित शर्मा यादव खेलन यादव डम्पी महाराज दयाराम यादव रवि साहू अर्पित परगनिहा अशोक शर्मा डेरहा यादव बने बनाऊं निषाद रामाधार यादव भुवन लाल निषाद राहुल यादव राम गोपाल निषाद दिलीप निषाद भोलाराम निषाद कुमार निषाद आत्माराम निषाद जनार्दन निषाद सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

## लोलेसरा में हुई सस्वर मानस गान प्रतियोगिता



**बेमेतरा।** विधायक दीपेश साहू नगर के कबीर कुटी एवं ग्राम लोलेसरा में गुरुपद सत्संग सेवा समिति द्वारा आयोजित त्रि - दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक दीपेश साहू ने कहा कि हम सभी के आराध्य भगवान श्री राम जी ने जो अपने जीवन काल में एक आदर्श स्थापित किया आज उनके आदर्श हम सभी के लिए प्रेरणास्पद है। भगवान श्री राम ने न केवल अपने पिता का वचन निभाया, बल्कि मर्यादा का एक उच्चतम शिखर स्थापित किया जो मानव जीवन के लिए आज भी सदा अनुकरणी है। आज भी लोग अपने घरों में बच्चों को भगवान राम की मर्यादा का पाठ पढ़ाते हैं भारतवर्ष की पावन भूमि में भगवान राम लोगों के रोम-रोम में बसे हुए हैं, और ऐसे पावन मानस गान के माध्यम से उनका स्मरण करना न केवल लोगों को आपस में जोड़ने का काम करता है, बल्कि समाज में सद् चरित्र के निर्माण के लिए भी मार्ग प्रशस्त करता है। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष राजू देवांगन, पंचु साहू उपाध्यक्ष नगर पालिका बेमेतरा, युगल देवांगन, योगेश वर्मा, गोलू कोशले, गौरव साहू, राकेश मोहन शर्मा, तुलसी रजक, रवि वर्मा, धनेश वर्मा, ग्राम पंचायत सरपंच, आयोजक समिति के समस्त सदस्य गण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

---

## डेयरी पॉलीटेक्नीक के विद्यार्थियों ने लगाए दुग्ध उत्पादों के स्टाल



**बेमेतरा।** मटका चोरभट्टी स्थित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्नीक के विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगशाला में निर्मित डेयरी प्रोडक्टस पेड़ा, पनीर, एवं व्हे ड्रिंक को उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। डेयरी पॉलीटेक्नीक के विद्यार्थियों द्वारा प्रायोगशाला में विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जाता है और उन्हें विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगा कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाता है। इससे एक ओर जहां विद्यार्थियों को अपने द्वारा निर्मित डेयरी प्रोडक्टस की गुणवत्ता के बारे में उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, वहीं दूसरी ओर दुग्ध उत्पादों के विपणन का प्रयोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध मिलावट रहित उत्कृष्ट स्तर के डेयरी उत्पाद उचित मूल्य पर मिल जाते हैं। इस कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा बेमेतरा सिमगा रोड पर एवं शासकीय पंडित ज.ला.ने. कला एवं विज्ञान पी.जी. महाविद्याल में स्टाल लगाए गए जहां उनके द्वारा निर्मित डेयरी प्रोडक्टस को उपभोक्ताओं ने हाथों-हाथ लिया एवं कुछ ही मिनटों में पेड़ा, पनीर, व्हे ड्रिंक जैसे उत्पाद समाप्त हो गए।

---

## सिंघौरी स्कूल में शिक्षिका ने कराया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय हाई स्कूल, माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सिंघौरी में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शशिकला यादव, शिक्षिका अमरीका पाण्डेय एंव रंजू पाण्डेय ने कराया गया। न्यौता भोज में खीर, पूड़ी, हलवा,पापड़,आचार सहित दाल,चावल एंव सब्जी परोसा गया।इस कार्यक्रम में रामगोपाल चंद्राकर प्राचार्य,मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सहित संतोष राजपूत,सरस्वती साहू,राजेश नामदेव, प्रतिभा, राजेश गायकवाड़, आगेश्वरी साहू,राजेश्वरी ठाकुर,देवेंद्र साहू,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल,किरण खरे,लक्ष्मी साहू,साजन वर्मा सहित तीनों संस्था के बच्चे उपस्थित रहे।

---

### मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक साहू

# ग्राम पदमी में सिन्हा समाज ने मनाई सहस्त्रबाहु जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम पदमी सिन्हा समाज ने सहस्त्रबाहु जयंती मनाई। सर्वप्रथम सामाजिक जनों ने भगवान सत्यनारायण कथा करवाई । उसके बाद भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर ग्राम में शोभायात्रा निकाली गई। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि विधायक ईश्वर साहू थे, भाजयुमो अध्यक्ष परमेश्वर वर्मा रहे। विधायक साहू ने भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने ग्राम के नक्खी महाराज बाबा मंदिर में विगत 32 वर्षों से मकर संक्रांति में मेला होता है वहां पर बोर खनन व मंदिर परिसर का बाउंड्रीवाल बनाने जैसे मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम विशेष अतिथि के तौर पर शामिल सिन्हा समाज के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र जायसवाल ने सामाजिक एकता की बात करते हुए आने वाले पंचायत चुनाव में पंच सरपंच जनपद जिला पंचायत में पद लेने की पर जोर दिए। मंच संचालन कर रहे मंडल सचिव डॉ राजेश जायसवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारे समाज से पंच सरपंच, नगर पंचायत अध्यक्ष व पालिका अध्यक्ष एवं 3 विधायक भी हैं, जिसमें से एक कैबिनेट मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल हैं, जो स्वास्थ्य मंत्री है। इसलिए सामाजिक लोग सभी क्षेत्र में उन्नति करें, जिससे समाज और प्रदेश और देश में नाम रोशन करे। इस कार्यक्रम में ग्राम के सिन्हा समाज के बालक बालिकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य किए, शाम को रामायण मानस मंडली का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तुलसी राम सिन्हा, नारायण सिन्हा, शिव सागर सिन्हा, कोषाध्यक्ष ठाकुर राम सिन्हा, व गंगाप्रसाद,सोनू सिन्हा, धन्नू सिन्हा होमन , भरत सिन्हा,चैतराम, किशोरी मनहरन, टोपसिंह, धनउ, मन्नू गिरधारी, गणपत, द्वारिका,श्रीराम,युवराज, दशरथ खेमलाल ,टीकाराम, गौकरण, विश्राम, बुधराम सहित सिन्हा समाज पदाधिकारी मौजूद रहे।

